# टीसीआई का दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), भारत की अग्रणी इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्युशन्स प्रोवाइडर, ने 30 सितंबर, 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। टीसीआई का साल-दर-साल 20.3 प्रतिशत और सिक्वेंशियल 18.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ ऑपरेशंस से राजस्व 737 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 66 करोड़ रुपए की तुलना में 104 करोड़ रुपए का एबिट्डा रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 10.6 प्रतिशत एबिट्डा मार्जिन की तुलना में 14.1 प्रतिशत मार्जिन रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 32 करोड़ रुपए के पीएटी की तुलना में इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी 68 करोड़ रुपए हुआ।